लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों का 7वां शिखर सम्मेलन, रोम, इटली, 7-8 अक्टूबर 2021 माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल (आईपीडी) ने 7-8 अक्तूबर, 2021 को रोम, इटली में जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के सातवें शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस शिष्टमंडल में राज्य सभा के माननीय उपसभापति श्री हरिवंश भी शामिल थे। शिखर सम्मेलन में हुए विचार-विमर्श के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया।

महामारी से उत्पन्न सामाजिक और रोजगार संबंधी संकट के समाधान के प्रयासों के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए माननीय अध्यक्ष ने महामारी के दौरान जीवन और आजीविका बचाने के लिए भारत द्वारा की गई पहलों के बारे में विस्तार से बताया । उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत की संसद ने कोविड -19 महामारी के दौरान भी अपने लोकतांत्रिक कर्तव्यों का निर्वहन किया और रोजगार के अवसर बढ़ाने और भारतीय नागरिकों के लिए वेतन और नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चार ऐतिहासिक श्रम कानून पारित किए। ' " सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता के संदर्भ में आर्थिक विकास को फिर से पटरी पर लाना " विषय पर दिए अपने मुख्य भाषण के दौरान, माननीय अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग मानवता के लिए सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। सतत आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें इनका समाधान खोजना होगा।

राज्य सभा के माननीय उपसभापति ने 'महामारी के बाद स्थिरता और खाद्य सुरक्षा' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए । उन्होंने खाद्य सुरक्षा के मुद्दे का व्यापक रूप से समाधान करने के लिए भारत द्वारा की गई पहलों के बारे में बताया । इन पहलों में कृषि को बढ़ावा देना, जैव विविधता की रक्षा करना और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर परिणामों को हासिल करना शामिल है।

इस सम्मेलन के दौरान भारतीय संसदीय शिष्टमंडल (आईपीडी) ने हाउस ऑफ कॉमन्स, यूके के स्पीकर, माननीय सर लिंडसे हॉयल ; जर्मनी के बंसरैट के प्रेसिडेंट , महामहिम डॉ. रेनर हेसलॉफ़; नीदरलैंड की सीनेट के प्रेसिडेंट, महामहिम डॉ. जान एंथोनी ब्रुइजन , इतालवी सीनेट की प्रेसिडेंट, महामहिम सुश्री मारिया एलिसा अल्बर्टी कैसेलाती; इंडोनेशिया के हाउस ऑफ रेपरेजेंटेटिव्स की

स्पीकर, महामहिम सुश्री पुआन महारानी, और दक्षिण अफ्रीका की नेशनल असेंबली की स्पीकर, महामहिम सुश्री नोसिविवे मापिसा नककुला से मुलाकात की। इन बैठकों के दौरान, सभी विशिष्टजनों से संसदों के बीच संवाद और आदान-प्रदान बढ़ाए जाने सहित पारस्परिक हितों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

8 अक्तूबर 2021 की शाम को, भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने इटली-भारत संसदीय मैत्री समूह के सदस्यों के साथ बातचीत की।

8 अक्तूबर 2021

रोम, इटली

An Indian Parliamentary Delegation (IPD) led by Shri Om Birla, Hon'ble Speaker Lok Sabha and comprising of Shri Harivansh, Hon'ble Deputy Chairman, Rajya Sabha attended the Seventh G-20 Parliamentary Speakers' Summit in Rome, Italy on 7-8 October 2021. The Summit adopted a Joint Statement, covering the deliberations.

In his intervention on the theme *Response to the Social and Employment Crisis caused by the Pandemic*, Hon'ble Speaker elaborated upon India's initiatives for saving lives and livelihoods during the pandemic. He highlighted that Parliament of India discharged its democratic duties during the COVID-19 Pandemic and passed four historic labour laws with the objective of enhancing employment generation and ensuring wage and job security for Indian citizens. During the Keynote speech on the theme *Rebooting Economic Growth in terms of Social and Environmental Sustainability,* Hon'ble Speaker emphasized that climate change & global warming are the biggest challenges before the humanity for building a sustainable world. We need to find a solution to ensure sustainable economic development.

Hon'ble Deputy Chairman Rajya Sabha made an intervention on the theme *Sustainability and Food Security after the Pandemic*. He highlighted India's initiatives to address food security in a comprehensive manner by promoting sustainable agriculture, protecting biodiversity along with securing better health outcomes.

On the sidelines, the IPD met HE Rt. Hon'ble Sir Lindsay Hoyle, Speaker of House of Commons, UK; HE Dr. Reiner Haseloff, President of Bundesrat, Germany; HE Dr. Jan Anthonie Bruijn, President of the Senate of Netherlands; HE Ms. Maria Elisa Alberti Casellati, President, of the Italian Senate; HE Ms. Puan Maharani, Speaker of the House of Representative, Indonesia and HE Ms. Nosiviwe Mapisa Nqakula, Speaker of the National Assembly, South Africa. During the meetings, the dignitaries discussed a wide range of issues of mutual interests, including ways to enhance Parliamentary exchanges.

On the evening of the 8 October 2021, the IPD interacts with the members of the Italy-India Parliamentary Friendship Group.

08 October 2021

Rome, Italy